# Daily Current Affairs

Date : 01 November, 2025

UTKARSH CLASSES | CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | राजस्थान में जनजातीय गौरव वर्ष पखवाड़ा |
| 2. | जयपुर में 'राष्ट्रीय एकात्मता शोभायात्रा' का आयोजन |
| 3. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. सर्वश्रेष्ठ AICRP मसाला केंद्र : मंडोर<br>2. डेंटल इंप्लांट राष्ट्रीय संगोष्ठी 'ओसिकॉन 2025'<br>3. टेलीमानस-14416 सेंटर : जयपुर<br>4. 'सहकार से समृद्धि' की समीक्षा बैठक<br>5. राज्य सैनिक बोर्ड की अठारहवीं बैठक<br>6. कॉनजेनिटल हेपेटिक आर्टेरियोवीनस मालफॉर्मेशन<br>7. 48वीं राजस्थान राज्य सीनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता – 2025<br>8. दिव्यांशी जैन<br>9. आईपीएस सुमन नाला |
| 4. | अमेरिका-चीन बैठक |
| 5. | चाबहार पोर्ट |
| 6. | द्वितीयक प्रतिबंध (Secondary Sanctions) |
| 7. | आदर्श युवा ग्राम सभा पहल |
| 8. | उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) |
| 9. | भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) |
| 10. | डिजी बंदर |
| 11. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. पवन ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य |





UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## राजस्थान में जनजातीय गौरव वर्ष पखवाड़ा

### चर्चा में क्यों?

- राजस्थान सरकार द्वारा प्रदेशभर में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 1 से 15 नवम्बर, 2025 तक जनजातीय गौरव वर्ष पखवाड़ा के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।




### मुख्य बिन्दु:

- राजस्थान में जनजातीय गौरव दिवस को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।
- भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती (15 नवंबर, 2024 से 15 नवंबर, 2025 तक) को देश भर में 'जनजातीय गौरव वर्ष' के रूप में मनाया जा रहा है।

### अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:

- माणिक्य लाल वर्मा ने आदिवासी भीलों एवं हरिजनों में शिक्षा प्रसार एवं उनके विकास के लिए वर्ष 1934 में सागवाड़ा (डूंगरपुर) में 'खंडलाई आश्रम' की स्थापना की।
- जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा उदयपुर में 17 से 19 सितम्बर, 2025 तक 'नेशनल ट्राईबल फूड फेस्टिवल-2025' का आयोजन किया गया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR


- भारत की लगभग 7 प्रतिशत आदिवासी आबादी राजस्थान में रहती है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, मीणा, भील और गरासिया के बाद, सहरिया राजस्थान का चौथा सबसे बड़ा आदिवासी समुदाय है।

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**

**जनजातीय गौरव दिवस का इतिहास:**

- भारत सरकार ने वर्ष 2021 में 'आजादी का अमृत महोत्सव' (भारत की आजादी के 75 साल पूरे होने के अवसर पर) के दौरान 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में घोषित किया।
- 15 नवंबर को आदिवासी नेता और स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई जाती है इसी दिवस को जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाता है।
- यह दिवस आदिवासी समुदायों के गौरवशाली इतिहास, संस्कृति और विरासत के साथ-साथ एकता, गौरव और भारत के स्वतंत्रता संग्राम और प्रगति में उनके महत्त्वपूर्ण योगदान की स्मृति में मनाया जाता है।

**भारत में अनुसूचित जनजातियों की जनसंख्या (1961-2011)**




- वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत की अनुसूचित जनजाति (STs) की आबादी 10.42 करोड़ या कुल आबादी का 8.6 प्रतिशत है, जिसमें दूरदराज और अक्सर दुर्गम क्षेत्रों में फैले 705 से अधिक अलग-अलग समूह शामिल हैं।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **विश्व आदिवासी दिवस :** प्रतिवर्ष 9 अगस्त को 'विश्व आदिवासी दिवस' मनाया जाता है।
- **वर्ष 2025 की थीम :** इंडिजिनस पीपल्स एंड एआई: डिफेंडिंग राइट्स, शेपिंग फ्यूचर्स।
- दिसंबर, 1992 में, संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) ने 1993 को विश्व के स्वदेशी लोगों के अंतरराष्ट्रीय वर्ष के रूप में घोषित करने वाला एक प्रस्ताव पारित किया। वर्ष 1994 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा इस दिवस को मनाए जाने की घोषणा की गयी थी।

**बिरसा मुंडा के बारे में:**


- बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर, 1875 को छोटा नागपुर पठार क्षेत्र (वर्तमान झारखंड का खूंटी जिला) में मुंडा जनजाति में हुआ था।
- बिरसा मुंडा एक स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने ब्रिटिश औपनिवेशिक व्यवस्था की शोषणकारी नीतियों के खिलाफ लड़ाई लड़ी और 'उलगुलान' (क्रांति) का आह्वान करते हुए ब्रिटिश उत्पीड़न के खिलाफ आंदोलन का नेतृत्व किया। आदिवासियों ने उन्हें 'भगवान' की उपाधि दी। उन्हें 'धरती अब्बा, जिसका अर्थ है 'पृथ्वी का पिता' के नाम से भी जाना जाता है।
- आदिवासियों के खिलाफ शोषण एवं भेदभाव के विरुद्ध उनके संघर्ष के कारण ही वर्ष 1908 में छोटा नागपुर काश्तकारी अधिनियम (Chhotanagpur Tenancy Act) पारित किया गया, जिसने आदिवासी लोगों से गैर-आदिवासियों में भूमि के हस्तांतरण को प्रतिबंधित कर दिया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# जयपुर में 'राष्ट्रीय एकात्मता शोभायात्रा' का आयोजन

## चर्चा में क्यों?

- सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर जयपुर में 'राष्ट्रीय एकात्मता शोभायात्रा' का आयोजन किया गया।




## मुख्य बिन्दु:

- भारत भारती संगठन की ओर से जयपुर से राष्ट्रीय एकात्मता अभियान की शुरुआत की गई, जो 150 शहरों में वर्षभर चलेगा।
- **राजस्थान की झांकी :** चित्तौड़दुर्ग और विजयस्तंभ के साथ महाराणा प्रताप की शौर्यगाथा।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **सर्वश्रेष्ठ AICRP मसाला केंद्र : मंडोर**<br>■ हाल ही में, डॉ. बी. आर. चौधरी कृषि अनुसंधान केंद्र, मंडोर (जोधपुर) को वर्ष 2024-25 के लिए सर्वश्रेष्ठ AICRP मसाला केंद्र पुरस्कार से सम्मानित किया गया।<br>■ इस केंद्र को यह पुरस्कार उन्नत किस्मों के विकास, तकनीक सुधार और समयबद्ध रिपोर्टिंग में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रदान किया गया।<br>■ **सम्मान समारोह :** ICAR उत्तर-पूर्व पर्वतीय क्षेत्रीय अनुसंधान परिसर, उमियम (मेघालय)<br>■ **AICRP :** अखिल भारतीय समन्वित मसाला अनुसंधान परियोजना। |
| 2. | **डेंटल इंप्लांट राष्ट्रीय संगोष्ठी 'ओसिकॉन 2025'**<br>■ **आयोजन :** 31 अक्टूबर से 02 नवंबर, 2025<br>■ **उद्घाटन :** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे द्वारा।<br>■ **आयोजन स्थल :** जयपुर।<br>■ **उद्देश्य :** दांतों की दीर्घ काल तक सुरक्षा के लिए वृहद स्तर पर शोध और अनुसंधान हेतु विचार विमर्श करना। |
| 3. | **टेलीमानस-14416 सेंटर : जयपुर**<br>■ हाल ही में, संयुक्त राष्ट्र के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत ऑनलाईन मानसिक स्वास्थ्य संबंधी परामर्श एवं सहायता प्रदान करने हेतु जयपुर में संचालित 24x7 टेलीमानस-14416 सेंटर की गतिविधियों का अवलोकन किया। |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 4. | **'सहकार से समृद्धि' की समीक्षा बैठक**<br>■ हाल ही में सहकारिता मंत्रालय द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'सहकार से समृद्धि' की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।<br>■ बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि ऋण समितियाँ (MPACS) गठन में राजस्थान देश में दूसरे स्थान पर है।<br>■ किसान ऋण वितरण में राजस्थान में सबसे ज्यादा ट्रांजेक्शन हुए।<br>■ राज्य की 6,083 समितियों ने भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड की सदस्यता के लिए आवेदन किया, जो कि देश में सर्वाधिक है। |
| 5. | **राज्य सैनिक बोर्ड की अठारहवीं बैठक**<br>■ आयोजन : राजभवन, जयपुर में।<br>■ जयपुर में वृद्धाश्रम, जोधपुर में एकीकृत परिसर और बलिदानी योद्धाओं के नाम पर स्कूलों और सार्वजनिक स्थलों के नामकरण पर स्वीकृति।<br>■ सैनिक वेलफेयर पोर्टल और सोशल मीडिया प्लेटफार्म का शुभारंभ। |
| 6. | **कॉनजेनिटल हेपेटिक आर्टेरियोवीनस मालफॉर्मेशन**<br>■ हाल ही में, जयपुर के एक अस्पताल में 'कॉनजेनिटल हेपेटिक आर्टेरियोवीनस मालफॉर्मेशन' से ग्रसित एक नवजात का इंटरवेंशनल तकनीक से जीवन बचाया गया।<br>■ इस बीमारी से अब तक दुनिया में केवल 22 और भारत में 3 केस रिपोर्ट किए गए हैं।<br>■ इस बीमारी के कारण लिवर में नसों का असामान्य गुच्छा बन जाता है। |
| 7. | **48वीं राजस्थान राज्य सीनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता – 2025**<br>■ आयोजन : कृपा बाबा हैंडबॉल अकादमी, श्रीमहावीरजी (करौली)<br>■ आयोजक : राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ।<br>■ पुरुष वर्ग चैंपियन : श्रीगंगानगर।<br>■ महिला वर्ग चैंपियन : जयपुर। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 8. | **दिव्यांशी जैन**<br>■ जयपुर की दिव्यांशी जैन ने चेन्नई (तमिलनाडु) में संपन्न सब जूनियर और जूनियर नेशनल स्क्वैश चैंपियनशिप का खिताब जीता।<br>■ दिव्यांशी ने फाइनल में महाराष्ट्र की शनाया परसरामपुरिया को हराया। |
| 9. | **आईपीएस सुमन नाला**<br>■ राष्ट्रीय एकता दिवस (31 अक्टूबर) के अवसर पर गुजरात के केवडिया (एकता नगर) में आयोजित समारोह में एकता दिवस परेड की अगुवाई राजस्थान निवासी आईपीएस सुमन नाला द्वारा की गई।<br>■ सुमन नाला राजस्थान के नागौर जिले की मेड़ता सिटी की रहने वाली है। वो वर्ष 2021 बैच की गुजरात कैडर की आईपीएस अधिकारी हैं।<br>■ सुमन के पति ओमप्रकाश जाट भी वर्ष 2018 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## अमेरिका-चीन बैठक

### चर्चा में क्यों?

- बुसान में एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपेक) शिखर सम्मेलन के दौरान संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन के राष्ट्रपतियों ने बैठक की।

### मुख्य बिन्दु:

**अमेरिका-चीन बैठक के मुख्य परिणाम**

- अमेरिका ने चीन से अमेरिका को निर्यात किए जाने वाले फेंटानिल पर लगाए गए प्रशुल्क को 10% तक घटाने पर सहमति व्यक्त की।
- चीन ने दुर्लभ भू-खनिजों के निर्यात पर नियंत्रण को एक वर्ष के लिए स्थगित करने पर सहमति व्यक्त की।
- दुर्लभ भू-खनिज 17 धात्विक तत्वों का समूह होता है। इसका उपयोग चुम्बकों, मिसाइलों, विमानों, कारों, रेफ्रिजरेटरों, अन्य उच्च तकनीक वाले उपकरणों आदि में उपयोग होने वाले अन्य घटकों के निर्माण में किया जाता है।
- अमेरिका के राष्ट्रपति ने इस बैठक को G-2 नाम दिया। यह नाम सबसे पहले 2005 में अमेरिकी अर्थशास्त्री सी.एफ. बर्गस्टन द्वारा गढ़ा गया था।
- G-2 की अवधारणा में अमेरिका और चीन को वैश्विक स्थिरता के सह-प्रबंधक के रूप में देखा गया है, जो इकोनॉमिक गवर्नेंस, व्यापार असंतुलन और वैश्विक समस्याओं के समाधान के लिए संयुक्त जिम्मेदारी निभाते हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### विश्व के लिए G-2 के निहितार्थ

- **क्षेत्रीय संस्थाओं की प्रासंगिकता:** इससे चीन को प्रतिसंतुलित करने के लिए स्थापित किए गए क्वाड, AUKUS आदि पर सवाल उठाए जा सकते हैं। क्योंकि अमेरिका और चीन G-2 के तहत एक रणनीतिक समझौते की ओर बढ़ रहे हैं।
- **द्विध्रुवीयता की ओर झुकाव:** G-2 अमेरिका और चीन के वैश्विक शक्तियों के रूप में एकजुट होने का संकेत है। इस प्रकार दोनों देशों के द्विपक्षीय निर्णय वैश्विक मुद्दों पर द्विध्रुवीयता और ग्लोबल साउथ के हितों को कमजोर कर सकते हैं।
- **चीन पर निर्भरता:** यह बदलाव महत्वपूर्ण खनिजों और सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखलाओं के लिए चीन पर वैश्विक एवं अमेरिकी निर्भरता को दर्शाता है।
- **भारत के लिए निहितार्थ:** अमेरिका-चीन के बीच संबंधों में सुधार से चीन को प्रतिसंतुलित करने वाले भू-राजनीतिक साधन के रूप में भारत पर अमेरिका की निर्भरता कम हो सकती है, जबकि दूसरी ओर चीन को भारत के प्रति अपनी आक्रामकता बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन मिल सकता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# चाबहार पोर्ट

## चर्चा में क्यों?

- **भारत को ईरान के चाबहार पोर्ट पर छह महीने के लिए अमेरिकी प्रतिबंधों से छूट मिली।**




## मुख्य बिन्दु:

- **अवस्थिति: यह पोर्ट ईरान के दक्षिण-पूर्वी भाग में सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में मकरान तट पर ओमान की खाड़ी के पास स्थित है।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- यह ईरान का एकमात्र डीप सी पोर्ट है, जो ईरान को महासागर तक प्रत्यक्ष पहुंच प्रदान करता है।
- **चाबहार पोर्ट परियोजना में दो टर्मिनल हैं:** शाहिद बेहिश्ती और शाहिद कलंतरी।
- यह ईरान का ऐसा पोर्ट है, जो भारत के सबसे नजदीक है। यह भारत को पाकिस्तान को दरकिनार करते हुए अफगानिस्तान और अन्य मध्य एशियाई देशों तक पहुंच प्रदान करता है।
- यह पोर्ट प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे (INSTC) का हिस्सा है। INSTC हिंद महासागर और फारस की खाड़ी को ईरान के माध्यम से कैस्पियन सागर और फिर उत्तरी यूरोप से जोड़ता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# द्वितीयक प्रतिबंध (Secondary Sanctions)

## चर्चा में क्यों?

- संयुक्त राज्य अमेरिका के द्वितीयक प्रतिबंधों का खतरा भारतीय रिफाइनरों द्वारा रूस से तेल आयात पर प्रभाव डाल सकता है।

## मुख्य बिन्दु:

### द्वितीयक प्रतिबंध:

- प्राथमिक प्रतिबंध में अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर प्रतिबंध शामिल होते हैं (जैसे, लक्षित देश पर व्यापार प्रतिबंध) जबकि द्वितीयक प्रतिबंध तीसरे देशों (तृतीय पक्ष) को दंडित करते हैं, जिससे वे लक्षित देशों के साथ व्यापार नहीं कर पाते हैं।
- ये प्राथमिक प्रतिबंधों के प्रभाव को कई गुना बढ़ाने का काम करते हैं और इनका प्रभाव अंतरराष्ट्रीय स्तर का होता है।
- उदाहरण के तौर पर, अमेरिका ने ईरान के तेल पर प्रतिबंध (प्राथमिक प्रतिबंध) लगाए और भारतीय रिफाइनरों ने ईरान से तेल आयात करना बंद कर दिया (द्वितीयक प्रतिबंध)


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण योजनाएँ

## आदर्श युवा ग्राम सभा पहल

### चर्चा में क्यों?

- पंचायती राज मंत्रालय, शिक्षा मंत्रालय और जनजातीय कार्य मंत्रालय के सहयोग से आदर्श युवा ग्राम सभा पहल शुरू की गई है।

### मुख्य बिन्दु:

**आदर्श युवा ग्राम सभा पहल:**

- यह एक पथ प्रदर्शक पहल है। इसका उद्देश्य जनभागीदारी को मजबूत करना और स्थानीय शासन में भागीदारी को बढ़ावा देना है। इसमें छात्रों को सिमुलेटेड ग्राम सभा सत्रों में शामिल किया जाता है।
- यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप है और इसे जवाहर नवोदय विद्यालयों, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों और राज्य सरकार के स्कूलों में लागू किया जाएगा।
- जवाहर नवोदय विद्यालय ऐसे आवासीय स्कूल होते हैं, जिन्हें NEP 1986 के तहत ग्रामीण बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के लिए स्थापित किया गया था, चाहे उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति कुछ भी हो।
- एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का उद्देश्य अनुसूचित जनजातियों के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। ये उन क्षेत्रों में स्थापित किए जाते हैं, जहां अनुसूचित जनजाति की आबादी 50% से अधिक हो और अनुसूचित जनजाति के कम-से-कम 20,000 लोग रहते हों।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# आर्थिक परिदृश्य

## उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI)

### चर्चा में क्यों?

- सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) के आधार संशोधन का कार्य कर रहा है। साथ ही, उसने आवास सूचकांक की संकलन पद्धति में बदलाव का प्रस्ताव भी प्रस्तुत किया है।

### मुख्य बिन्दु:

- CPI के एक भाग के रूप में, आवास एक प्रमुख घटक है। वर्तमान श्रृंखला में शहरी क्षेत्रों में आवास पर होने वाला खर्च कुल उपभोक्ता खर्च का 21.67% है, जबकि अखिल भारतीय स्तर पर यह हिस्सा 10.07% है।
- वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्र के लिए आवास सूचकांक तैयार नहीं किया जाता।

CPI में अन्य क्षेत्रकों का भारांश:

- खाद्य और पेय पदार्थ: 45.86%
- शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यक्तिगत देखभाल आदि: 28.31%
- ईंधन और बिज़ली: 6.84%
- वस्त्र और जूते-चप्पल: 6.53%
- पान, तंबाकू और नशे वाले पदार्थ: 2.38%


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजव्यवस्था

## भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI)

### चर्चा में क्यों?

- राष्ट्रपति ने संविधान के अनुच्छेद 124 के तहत न्यायमूर्ति सूर्यकांत को भारत के 53वें CJI के रूप में नियुक्त किया। वे वर्तमान CJI बी.आर. गवई का स्थान लेंगे।

### मुख्य बिन्दु:

**CJI की नियुक्ति:**

- केंद्रीय कानून और न्याय मंत्रालय सेवानिवृत्त हो रहे CJI से अगले CJI की नियुक्ति के लिए नाम की सिफारिश करने का आग्रह करता है और मौजूदा CJI पारंपरिक रूप से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठतम न्यायाधीश के नाम की सिफारिश करता है।
- हालांकि, अतीत में तीन बार ऐसे अवसर आए हैं. जब वरिष्ठता के सिद्धांत का पालन नहीं किया गया था।
- CJI की सिफारिश प्राप्त करने के बाद, केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री इसे प्रधान मंत्री के पास भेजता है। इसके उपरांत प्रधान मंत्री राष्ट्रपति को नियुक्ति के मामले में सलाह देता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण पोर्टल एवं एप

## डिजी बंदर

### चर्चा में क्यों?

- इंडिया मैरीटाइम वीक 2025 के दौरान डिजी बंदर को भारतीय बंदरगाहों के लिए एक राष्ट्रीय डिजिटल ढांचे के रूप में लॉन्च किया गया।

### मुख्य बिन्दु:

- **उद्देश्य:** बंदरगाहों को डेटा-संचालित व कृत्रिम बुद्धिमत्ता सक्षम बनाना और आपस में जोड़ना, ताकि उनकी कार्यक्षमता, सुरक्षा एवं पारदर्शिता बढ़ाई जा सके।

**मुख्य फोकस:**

- इसका फोकस पूर्वानुमान आधारित लॉजिस्टिक्स, डिजिटल ट्विन्स, तथा बंदरगाह संचालन में ऑटोमेशन लागू करना है।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **पवन ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य**<br>■ केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री ने घोषणा की कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंत तक 6 गीगावाट नई पवन ऊर्जा क्षमता जुड़ने की उम्मीद है।<br>**भारत में पवन ऊर्जा**<br>■ भारत वर्तमान में दुनिया में चौथी सबसे बड़ी पवन ऊर्जा स्थापित क्षमता वाला देश है, जिसकी कुल स्थापित क्षमता 51.67 गीगावाट (12 अगस्त, 2025 तक) है, जिसमें से वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 4.15 गीगावाट की वृद्धि की गई। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR